| दिनांक 30.01.2026 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 65／2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की बरेली इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 30.01.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली इकाई** द्वारा अमरजीत सिंह निवासी ग्राम करोलिया थाना मूसाझाग जनपद बदायूं से नलकूप का विद्युत कनेक्शन के इस्टीमेट बनाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर विलहरी मकान रामौतार बिजली बिल बकाया जमा कैम्प थाना सिविल लाइन बदायूं से **अवर अभियन्ता प्रदीप बाबू भारती (ढाक वाली जारत बिजली घर विद्युत वितरण खण्ड प्रथम बदायूं)** पुत्र राम भजन लाल निवासी मोहलला एमल जई जलाल नगर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर को **20 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| दिनांक 30.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 66/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>कमिश्नरेट आगरा/थाना एत्मादपुर, थाना बमरौली कटारा</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 29/30.01.2026 को थाना एत्मादपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुढ़िया के ताल ईदगाह रोड के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–आकाश घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं थाना बमरौली कटारा पुलिस टीम द्वारा नदौता अंडरपास के पास से पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 2–विष्णु उर्फ भुल्ला घायल/गिरफ्तार तथा अभियुक्त 3–शिवान्स को ग्राम मदरा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 02 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त आकाश एवं विष्णु उर्फ भुल्ला थाना ट्रान्स यमुना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना एत्मादपुर व थाना बमरौली कटारा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आकाश निवासी राजनकुंज कालिंदी विहार, नरायण विहार सतीनगर थाना ट्रांसयमुना कमिश्नरेट आगरा।

2—विष्णु उर्फ भुल्ला निवासी कालिन्दी विहार मोती कुन्ज थाना ट्रान्स यमुना कमिश्नरेट आगरा।

3—शिवान्स निवासी नगला किशनलाल थाना ट्रान्स यमुना कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—02 मोटर साइकिल।

**जनपद बाराबंकी/थाना जहांगीराबाद**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 87 हजार 500 रूपये**
- **04 मोबाइल फोन**
- **05 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.01.2026 को थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पलिया मकसूद तिराहा के पास से 08 अभियुक्तों 1—मुकेश कुमार 2—शिवराज 3—देवाशीष 4—राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन 5—मो0 सोनू 6—जुनैद 7—नौसाद 8—सुहेल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 87 हजार 500 रूपये, 04 मोबाइल फोन, 05 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जहांगीराबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शिवराज के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त मुकेश कुमार के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 14 अभियोग, अभियुक्त नौसाद के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर लूट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुकेश कुमार निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।

2—शिवराज निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।

3—देवाशीष निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ।

4—राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन निवासी ग्राम मामापुर थाना देवा जनपद बाराबंकी।

5—मो0 सोनू निवासी ग्राम सिपहिया थाना देवा जनपद बाराबंकी।

6—जुनैद निवासी ग्राम बरेठी थाना देवा जनपद बाराबंकी।

7—नौसाद निवासी बीकेटी भौनी थाना बीकेटी लखनऊ।

8—सुहेल निवासी ककरहा मोड़ बाईपास थाना देवा जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—08 अभियुक्त गिरफ्तार।

2—लूट के 87 हजार 500 रूपये।

3—04 मोबाइल फोन।

4—05 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना बिठूर

- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी की पीली—सफेद धातु के सिक्के**
- **13 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी के अन्य सामान आदि बरामद**

दिनॉकः 30.01.2026 को थाना बिठूर, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पेम ग्राम से मैदा फैक्ट्री के आगे पुलिया के पास

से 03 अभियुक्तों 1–मुकेश 2–आकाश उर्फ ढिल्ला 3–मनोज कुमार उर्फ सूरज को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी की पीली–सफेद धातु के सिक्के, 13 हजार 500 रूपये नगद, चोरी के अन्य सामान आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना बिठूर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिठूर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त आकाश उर्फ ढिल्ला के विरूद्ध जनपद मैनपुरी, कमिश्नरेट कानपुर नगर के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, आबकारी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग 01 दर्जन अभियोग, अभियुक्त मुकेश के विरूद्ध जनपद मैनपुरी, कमिश्नरेट कानपुर नगर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बिठूर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकेश निवासी काशीराम कालोनी आजाद नगर थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी हालपता–ग्राम शेखुपुर बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

2–आकाश उर्फ ढिल्ला निवासी काशीराम कालोनी आजाद नगर थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी हालपता–ग्राम शेखुपुर बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

3–मनोज कुमार उर्फ सूरज निवासी काशीराम कालोनी आजाद नगर थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी हालपता–ग्राम शेखुपुर बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी की पीली–सफेद धातु के सिक्के।

3–13 हजार 500 रूपये नगद।

4–चोरी के अन्य सामान आदि।

<u>जनपद कानपुर देहात/थाना रनियां</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (कीमत) के 94 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा**
- **अवैध गांजा ब्रिकी के 20 हजार 200 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **02 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 29.01.2026 को थाना रनियां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–आर्यन 2–अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (कीमत) के 94 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, अवैध गांजा ब्रिकी के 20 हजार 200 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, 02 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना रनियां पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आर्यन निवासी कंजड बस्ती सचेंडी थाना सचेंडी, कानपुर नगर।

2–अनुज कुमार निवासी हरजिंदर नगर लाल बंगला थाना चकेरी, कानपुर नगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 50 लाख रूपये (कीमत) के 94 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा।

2–अवैध गांजा ब्रिकी के 20 हजार 200 रूपये नगद।

3–02 मोबाइल फोन।

4–02 दो पहिया वाहन।

- **<u>कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मसूरी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)</u>**

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय गाजियाबाद द्वारा थाना मसूरी पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त दीपक को धारा 302/34 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 25 हजार

रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त 2–जिले सिंह उर्फ जिल्ले 3–रामभूल को धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बस्ती/थाना कलवारी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बस्ती द्वारा थाना कलवारी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307/323 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रामफेर 2–आत्माराम 3–दयाराम को आजीवन कारावास व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना मौदहा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 19–19 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/394/201/411 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–पुष्पेन्द्र 2–मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू 3–कामता उर्फ अजय को आजीवन कारावास व 19–19 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना कोतवाली नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 23–23 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366/302/201 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–गौरव 2–अजीत उर्फ कुग्गी 3–सन्दीप को आजीवन कारावास व 23–23 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना खोड़ा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 26–26 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय गाजियाबाद द्वारा थाना खोड़ा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/342 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–संजय 2–रंजीत 3–अमन को आजीवन कारावास व 26–26 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>कमिश्नरेट वाराणसी/थाना चौबेपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 46 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय वाराणसी द्वारा थाना चौबेपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/506/306 भादवि व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त जनार्दन को आजीवन कारावास व 46 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी

- **<u>जनपद सिद्धार्थनगर/थाना शोहरतगढ़ (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना शोहरतगढ़ पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त पिन्टू को आजीवन कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| दिनांक 30.01.2026 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 67 / 2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा मृत पुलिस कर्मियों के आश्रित परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत करीब 31 करोड़ 18 लाख 04 हजार 550 रूपये के चेक प्रदान किये गये</u>**

आज दिनॉकः 30.01.2026 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में **श्री अमिताभ यश** अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 द्वारा विभिन्न जनपदों में अलग-अलग तिथियों में मृत पुलिस कर्मियों के शोक संतप्त आश्रित परिजनों एवं सड़क/ट्रेन दुर्घटनाओं में दिव्यांग हुए पुलिस कर्मियों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज (PSP) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का चेक प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से किये गये एमओयू के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत/दिव्यांग पुलिस कर्मियों को पुलिस सेलरी पैकेज (PSP) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किये जाते हैं, इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 द्वारा **17 मृत पुलिस कर्मियों के परिजनों एवं 04 दिव्यांग पुलिस कर्मियों, कुल 21 को करीब 31 करोड़ 18 लाख 04 हजार 550 रूपये** के चेक प्रदान किये गये।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित बैंक आफ बडौदा के महाप्रबन्धक, उप महाप्रबन्धक एवं शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहें।

**<u>मृत/दिव्यांग पुलिस कर्मियों का संक्षिप्त विवरणः-</u>**

| क्र.सं. | नाम व पद | तैनाती जनपद | मृत्यु तिथि | मृत्यु का कारण | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उ0नि0 जितेन्द्र सिंह | **ललितपुर** | 27-05-2025 | कार्य से चौकी आते समय हाइवे पर पीछे से भारी वाहन द्वारा इनकी बाइक में टक्कर मार देने के कारण | 2करोड़ |
| 2. | मुआरक्षी रघुवीर 0 सिंह | **फिरोजाबाद** | 08-05-2025 | पुलिस बन्दी वाहन से मुजफ्फरनगर जाते समय रोड पर खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर होने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| 3. | मुआरक्षी चन्द्रपाल 0 सिंह | **फिरोजाबाद** | 08-05-2025 | पुलिस बन्दी वाहन से मुजफ्फरनगर जाते समय रोड पर खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर होने के कारण | 1 करोड़ 85 लाख |
| 4. | मुआरक्षी विनीत 0 कुमार | **मुरादाबाद (जीआरपी)** | 03-06-2025 | ट्रेन संख्या से दुर्घटना होने के कारण 012430 | 1 करोड़ लाख 70 |
| 5. | मुआरक्षी पुष्पेन्द्र 0 कुमार | **बिजनौर** | 21-05-2025 | आँधी तूफान व तेज बारिश में सड़क किनारे खड़ा पेड़ इनके ऊपर गिर जाने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6.** | आरक्षी जितेन्द्र कुमार | **औरैया** | 19-09-2025 | विपरीत दिशा से आ रही बुलेट द्वारा इनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **7.** | आरक्षी आशुतोष सिंह | **सिद्धार्थनगर** | 30-06-2025 | बाइक से सिद्धार्थ नगर जाते समय डंपर द्वारा पीछे से टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **8.** | आरक्षी अनुज कुमार | **कासगंज** | 28-07-2025 | सड़क किनारे खड़े ट्रक से इनकी बाइक की टक्कर हो जाने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **9.** | आरक्षी सुरजीत | **सीतापुर** | 15-08-2025 | थाने जाते समय अनियंत्रित ट्रक द्वारा पीछे से बाइक मे टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **10.** | आरक्षी रोहित यादव | **आगरा** | 14-08-2025 | सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त बस को हटवाते समय सामने से आ रही बस ने टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **11.** | फालवर रवि | **रायबरेली** | 19-05-2025 | लालगंज से रायबरेली जाते समय सामने से आ रहे ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **12.** | फालवर रेनू वर्मा | **लखीमपुर खीरी** | 30-10-2024 | किचेन में गैस रिसाव से आग लग जाने से झुलस जाने के कारण | हजार 4 करोड़ 2 5 सौ पचास |
| **13.** | बारबर रामाशीष ठाकुर | **वीं 20 पीएसी आजमगढ़** | 23-01-2025 | आवश्यक कार्य हेतु जाते समय अनियंत्रित ट्रक द्वारा टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **14.** | आरक्षी नवीन कुमार | **कासगंज** | 29-03-2025 | ट्रेन से गिरने के कारण ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी | 1 करोड़ लाख 70 |
| **15.** | आरक्षी रवीन्द्र यादव | **अम्बेडकर नगर** | 21-05-2025 | पूजा के लिये बाँस लगाते समय तेज हवा से अनियंत्रित होकर बास ऊपर से गुजर रहे हाइ पावर ट्रांसमिशन लाइन से टकराने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **16.** | आरक्षी अंकुर कुमार | **वीं पीएसी 47 गाजियाबाद** | 09-03-2025 | बरेली रेलवे लाइन पर किसी ट्रेन से दुर्घटना होने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |
| **17.** | आरक्षी अभिषेक दुबे | **वीं पीएसी 30 गोण्डा** | 01-09-2025 | आवश्यक कार्य हेतु कम्पनी जाते समय पीछे से आ रहे टैंकर द्वारा टक्कर मार देने के कारण | 1 करोड़ लाख 70 |

## <u>दिव्यांग पुलिस कर्मियों का विवरणः-</u>

| **क्र.सं.** | **नाम व पद** | **तैनाती जनपद** | **दुर्घटन तिथि** | **विकलागंता का कारण** | **देय धनराशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | उ0नि0 विजय कुमार | **बागपत** | 29-09-2023 | बाइक से जाते समय भारी वाहन द्वारा टक्कर मार देने के कारण | लाख 18 |
| **2.** | मुआरक्षी आलोक 0 कुमार पाल | **फतेहपुर** | 09-04-2024 | पैदल गश्त के दौरान ट्रक द्वारा टक्कर मार देने से उपचार में दाया पैर काटना पड़ा | लाख 30 |
| **3.** | आरक्षी मोनू सिंह | **शाहजहाँपुर** | 09-03-2024 | रोड चेकिंग के दौरान सामने से आ रहे ट्रक द्वारा टक्कर मार दी जिसके परिणामस्वरूप इनके बाए हाथ के कोहनी से ऊपर का हिस्सा काटना पड़ा | लाख 30 |
| **4.** | मुआरक्षी रवि कुमार0 | **मैनपुरी** | 10-05-2025 | चलती ट्रेन पर चढ़ते समय पैर फिसलने के कारण प्लेटफार्म पर गिर गए जिससे उनके बाए पैंर में गंभीर चोटे आयी और इलाज के दौरान बाया पैंर काटना पड़ा | लाख 75 |


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
CBS
Or Bearer
Pay जितेन्द्र सिंह (उप निरीक्षक) ललितपुर
₹ 2,00,00,000/-
Rupees दो करोड़ मात्र
BANK OF BARODA
Please Sign Above
A/c No. XXXXXXXXXXXXXX


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
CBS
Pay रघुवीर (मुख्य आरक्षी) फिरोजाबाद
₹ 1,70,00,000/-
Rupees एक करोड़ सत्तर लाख मात्र
XXXXXXXXXXXXXX


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
CBS
X X X X X X X X
D D M M Y Y Y Y
Or Bearer
Pay चन्द्रपाल सिंह (मुख्य आरक्षी) फिरोजाबाद
Rupees एक करोड़ पच्चासी लाख मात्र
₹ 1,85,00,000/-
BANK OF BARODA
Please Sign Above
A/c No. XXXXXXXXXXXXX
II"000000II" 000000000 I 0000 I : 00000000" 00
ए.सी पूर्वी


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
CBS
X X X X X X X X
D D M M Y Y Y Y
Or Bearer
Pay रामाशीष ठाकुर (बारबर) 20वीं पीएसी आजमगढ़
Rupees एक करोड़ सत्तर लाख मात्र
₹ 1,70,00,000/-
BANK OF BARODA
Please Sign Above
A/c No. XXXXXXXXXXXXX
II"000000II" 000000000 I 0000 I : 00000000" 00
ए.सी पूर्वी